कार्यालय पुलिसउपायुक्त, जोधपुर पूर्व

प्रेसनोट

दिनांकः—04.11.2022

जिला जोधपुर पूर्व में विशेष अभियान में 122 स्थायी गिरफ्तारी वारण्टों का निस्तारण

पुलिस मुख्यालय एवं श्रीमान पुलिस आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर के जिला पूर्व में स्थायी गिरफ्तारी वारण्टों के निस्तारण हेतु दिनांक 20.10.2022 से 31.10.2022 तक विशेष अभियान चलाया गया ।जिसमें कुल 122 स्थायी गिरफ्तारी वारण्टों का निस्तारण किया गया जिसमें कई स्थायी गिरफ्तारी वारण्टी काफी वर्षो से फरार चल रहे थे । इस अभियान में वृत केन्द्रीय से सर्वाधिक कुल 49 स्थायी गिरफ्तारी वारण्टों का निस्तारण किया गया। थाना स्तर पर थाना महामंदिर से कुल 17 व थाना खाण्डाफलसा से कुल 15 स्थायी गिरफ्तारी वारण्टों का निस्तारण किया गया जो क्रमशः प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहे ।मुलाजमानों में 01. थाना नागौरीगेट से श्री हरदयाल सिंह कानि0 1520 ने कुल 13, 02. थाना उदयमंदिर से श्री सुरजाराम कानि. 850 व श्री रूपेश कानि0 346 ने 10 तथा 03. थाना सदरबाजार से श्री दिनेश कानि0 2047 ने 12 स्थायी गिरफ्तारी वारण्टों का निस्तारण करवाकर सराहनीय कार्य किया ।उक्त कार्य की हौसला अफजाई हेतु मुलाजमानों को प्रशंसा—पत्र मय नकद ईनाम दिया जाकर सम्मानित किया गया।

(डॉ. अमृता दुहन)
पुलिसउपायुक्त
जोधपुरपूर्व